प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 29.09.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में साझा किये लोगों से विचार : कहा– मेक इन इंडिया से भारत विनिर्माण का केन्द्र बना।
2. प्रधानमंत्री ने लोगों से स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण और पौध रोपण अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने का किया आह्वान।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में शीतल पेय बॉटलिंग और डेयरी उत्पाद प्लांट का किया लोकार्पण।

और

4. राज्य के कई जिलों में लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित : मुख्यमंत्री ने आपदा से हुई जनहानि से पीड़ित परिवारों को चार–चार लाख रुपये की राहत राशि देने का दिया निर्देश।

———————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि मेक इन इंडिया पहल के कारण भारत विनिर्माण शक्ति केंद्र बन गया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से गरीब, मध्यम वर्ग तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को बहुत फायदा हुआ है। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम की 114वीं कडो

में प्रधानमंत्री ने मेक इन इंडिया पहल की सफलता उल्लेख किया। बाइट.....

*वोकल फॉर लोकल, स्थानीय चीजों को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा मिले। महाराष्ट्र के भंडारा जिले में टेक्सटाइल की एक पुरानी परंपरा है – 'भंडारा टसर सिल्क हैंडलूम'। भंडारा के कुछ हिस्सों में 50 से भी अधिक सेल्फ हेल्प ग्रुप इसे संरक्षित करने के काम में जुटे हैं। इनमें महिलाओं की बहुत बड़ी भागीदारी है और यही तो मेक इन इंडिया की स्प्रिट है।*

प्रधानमंत्री ने लोगों से आने वाले त्यौहारों के दौरान देश में बने उत्पाद खरीदने का भी आग्रह किया। इस साल दो अक्टूबर को दस वर्ष पूरा कर रहे स्वच्छ भारत मिशन की सफलता का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह इस मिशन की ही सफलता है कि 'कचरे से कंचन' का मंत्र लोगों में लोकप्रिय हो रहा है। उन्होंने कहा कि अब लोगों ने रिडयूस, रियूज और रिसाइकिल की बात करनी शुरू कर दी है। उन्होंने इस मिशन को जन अभियान बनाने वाले लोगों की सराहना की।

पौधरोपण महाअभियान 'एक पेड मां के नाम' में भाग लेने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे समाज को इसके आश्चर्यजनक नतीजे मिले हैं जो प्रेरणादायी हैं। बाइट.....

*'एक पेड़ मां के नाम'–ये अभियान अदभुत अभियान रहा, जन–भागीदारी का ऐसा उदाहरण वाकई बहुत प्रेरित करने वाला है। पर्यावरण संरक्षण को लेकर शुरू किये गए इस अभियान में देश के कोने–कोने में लोगों ने कमाल कर दिखाया है। उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना ने लक्ष्य से अधिक संख्या में पौधारोपण कर नया रिकार्ड बनाया है।*

प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र में झांसी जिले की जल सहेली नामक जल स्वयं सेवकों का जिक्र किया। जिनकी कोशिशों से घुरारी नदी का कायाकल्प हो गया है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए जिले के सिमरावारी गांव की समूह की महिलाओं ने बताया कि पहले चेकडैम न होने से पानी बर्बाद हो जाता था और गर्मियों में लोगों को पेयजल की परेशानी उठानी पड़ती थी। इसलिये जल सहेलियों ने नदी के पुनरूद्धार के लिये सामूहिक प्रयास किये। बाइट.....

*मेरा नाम दीपा मजूमदार है, बहुत–बहुत धन्यवाद प्रधानमंत्री जी को। मन की बात में हमारे– क्या नहीं कर सकती महिलाएं, तो मुझे बहुत खुशी हुई, तो हम लोगों ने देखा यह लाइव। 18 बहनों ने हम लोगों ने काम किया और इसमें जो आसपास की खेती 25 एकड़, 30 एकड़ जो किसानों की जमीन है उसमें जो ठहरा हुआ पानी है उसको वह बोरिंग से पाइप से ले जायेंगे खेतों में अपना पानी और पशु पक्षियों के लिये।*

विकास भी विरासत भी, इस मंत्र पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने अपने हाल के अमरीका दौरे में अमरीका द्वारा करीब तीन सौ प्राचीन कलाकृतियां लौटाये जाने का जिक्र किया। मातृभाषा के महत्व पर बल देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे देश में बीस हजार भाषायें और बोलियां हैं। उन्होंने इन भाषाओं, विशेषकर संथाली भाषा को संरक्षित करने के प्रयासों की सराहना की।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में एक हजार 170 करोड़ की लागत से स्थापित पेप्सिको के बाटलिंग और डेयरी उत्पाद प्लांट का लोकार्पण किया। इस प्लांट में कार्बोनेटेड साफ्ट ड्रिंक और डेयरी उत्पाद तैयार किये जायेंगे। इस दौरान श्री योगी न युवाओं को उद्यमिता की ओर बढ़ने के लिये प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को स्वरोजगार देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिये जल्द ही सरकार मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना लाने जा रही है। बाइट.........

*सरकार मुख्यमंत्री युवा उद्यमी के रूप में एक नई स्कीम लाने जा रही है। यह नई स्कीम जो आज परिपेक्ष्य में अगर कोई युवा अपना उद्यम स्थापित करना चाहता है, तो पांच लाख रुपये तक का लोन इंट्रेस्ट फ्री देंगे, यानि बिना ब्याज के वह लोन ले सकता है। पहले चरण में पांच लाख तक का, दूसरे चरण में दस लाख तक के लोन को हम उनको ब्याज मुक्त उपलब्ध कराने में मदद करेंगे। ~~सही~~*

इससे पहले श्री योगी ने गुरूकुल सोसायटी की ओर से संचालित गुरूकुल विद्यालय में सभागार और नवनिर्मित कक्षाओं तथा स्मार्ट क्लास का भी लोकार्पण किया। इस अवसर पर स्थानीय सांसद रवि किशन शुक्ल, महापौर मंगलेश श्रीवास्तव और गोरखपुर गुरूकुल सोसायटी के अध्यक्ष प्रमोद कुमार सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

---

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

गौतमबुद्धनगर में आयोजित उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड–शो का समापन हो गया है। इस आयोजन में पांच लाख से अधिक लोगों ने प्रतिभाग किया। समापन सत्र में प्रदेश के खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि राज्य में उद्यमियों और उनके उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने के लिये पिछले साल शुरू किये गये इस ट्रेड–शो का आयोजन मंडल स्तर पर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस ट्रेड–शो का हर साल आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है, जिसने अपना इंटरनेशनल ट्रेड–शो आयोजित किया। इस अतंर्राष्ट्रीय व्यापार शो के आयोजन से प्रदेश के 96 लाख इकाईयों को छोटे–छोटे उत्पाद तैयार करने का अवसर मिला है।

————————

प्रदेश के कई जिलों में हो रही लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित है। कुशीनगर, श्रावस्ती, पीलीभीत सहित 11 जिलों में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। बारिश से जहां फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है, वहीं बारिश जनित हादसों में 12 और लोगों की जान चले जाने से मरने वालों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो गई है।

इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में आपदा से हुई जनहानि से प्रभावित परिवारों को चार–चार लाख रुपये की राहत राशि प्रदान करने का निर्देश दिया है। श्री योगी ने कहा कि जिन लोगों के घरों को नुकसान पहुंचा है, या पशु हानि हुई है उन्हें भी वित्तीय मदद प्रदान की जायेगी। उन्होंने जिलाधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत और बचाव कार्य संचालित करने का निर्देश दिया है।

————————

मध्य प्रदेश में हुई एक सड़क दुर्घटना में जौनपुर जिले के तीन यात्रियों समेत 9 लोगों की मौत हो गई है और 24 लोग घायल हो गये। घायलों में पांच लोग उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। यह हादसा कल देर रात मध्य प्रदेश के मैहर इलाके में उस समय हुआ, जब इन यात्रियों को प्रयागराज से नागपुर ले जा रही बस, सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटना में मौत का शिकार हुए लोगों के परिजनों से शोक संवेदना जतायी है। उन्होंने मध्य प्रदेश प्रशासन से वार्ता कर पीड़ितों को हर संभव मदद देने का आग्रह किया है।

—————————

कानपुर के गोनपार्क स्टेडियम मे भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन का खेल भी मैदान गीला होने के कारण रद्द कर दिया गया है। बांग्लादेश ने पहले दिन तीन विकेट पर 107 रन बनाये थे। कल दूसरे दिन का खेल भी बारिश की वजह से पूरी तरह बाधित रहा। दो मैचों की श्रृंखला में भारत एक–शून्य  से आगे है। पहल मैच में भारत ने बांग्लादेश को 280 रन से हराया था।

—————————

आज दुनियाभर में विश्व हृदय दिवस मनाया जा रहा है। हर साल आज का दिन हृदय रोगों के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिये मनाया जाता है।

इस सिलसिले में लखनऊ स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल की सीनियर कन्सल्टेंट डॉ0 मनीषा लाल ने हृदय रोग से बचाव के लिये जरूरी उपाय करने पर जोर दिया। उन्होंने हृदय को सेहतमंद रखने के लिय नियमित व्यायाम करने, धूम्रपान और तंबाकू सेवन से परहेज करने की सलाह दी।

(समाप्त)